कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश ।

संख्याःएमई–3 / 2019 / 1784 लखनऊःदिनांकः 29/5/2019

आवश्यक सूचना

अनुसचिव, भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली के पत्र दिनांक 28.5.2019 के द्वारा शैक्षणिक सत्र 2019–20 के अन्तर्गत एम0डी0 / एम0एस0 / डिप्लोमा पाठ्यक्रम की रिक्त सीटो को भरे जाने हेतु प्रवेश की तिथि 31.5.2019 तक बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया है। अतः भारत सरकार द्वारा लिये गये उक्त निर्णयो के क्रम मे यू0पी0 नीट पी0जी0 2019 की काउन्सिलिंग मे पंजीकृत अनावंटित अभ्यर्थियों की सूची समस्त निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजो को भेजी जा चुकी है। निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजो मे एम0डी0 / एम0एस0 / डिप्लोमा पाठ्यक्रम की रिक्त सीटो पर प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी सम्बन्धित कालेज मे दिनांक 31.5.2019 को सायं 5.00 बजे तक सम्पर्क स्थापित कर प्रवेश ले सकते है।

उक्त के अतिरिक्त मेडिकल काउन्सिल आफ इण्डिया की पब्लिक नोटिस संख्या–एमसीआई–23(1)मेड.–2019 / दिनांक 29.05.2019 द्वारा जारी निर्देशो के क्रम मे ऐसे आल इण्डिया नीट क्वालीफाइड अभ्यर्थी, जिन्होनें उ0प्र0 राज्य की सम्पन्न काउन्सिलिंग मे पंजीकरण नहीं कराया है और वह रिक्त सीटो पर प्रवेश के इच्छुक है, वह संबंधित कालेजो से सम्पर्क कर प्रवेश ले सकते है। पूर्व से प्रवेशित अभ्यर्थी अर्ह नहीं होंगे।

महानिदेशक।